हाई कोर्ट में लोकायुक्त की ओर से पेश किया गया जवाब

# एफआइआर दर्ज होने के 24 घंटे में हो जाएगी अपलोड

जबलपुर।

हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका के जरिये लोकायुक्त द्वारा दर्ज की जाने वाली एफआइआर पब्लिक डोमेन में सार्वजनिक न किए जाने को चुनौती दी गई थी। इसी सिलसिले में मुख्य न्यायाधीश रवि विजय मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष लोकायुक्त विभाग की ओर से जवाब पेश किया गया। जिसमें साफ किया गया कि एफआइआर दर्ज होने के 24 घंटो के अंदर उसे वेबसाइट में अपलोड कर दिया जायएगा। हाई कोर्ट ने इस जवाब को रिकार्ड पर लेकर मामले का पटाक्षेप कर दिया।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी विशाल बघेल की ओर से दलील दी गई कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 के तहत दर्ज होने वाली सभी एफआइआर को सार्वजनिक किए जाने की व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट ने दी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के बाद सीबीआई जैसी शीर्ष जांच एजेंसी में दर्ज होने वाली एफआइआर को सार्वजनिक करना शुरु कर दिया है। जनहित याचिका में कहा गया था कि लोकायुक्त संगठन द्वारा एफआइआर दर्ज करने के बाद भी सार्वजनिक नहीं की जा रहीं हैं। यदि एफआइआर सार्वजनिक होने लगेगी, तो वहां पर प्राथमिकी की प्रति के नाम पर आरोपित तौर पर होने वाली लूट बंद हो जाएगी।



मामले में लोकायुक्त संगठन को आवश्यक निर्देश दिए जाने की राहत चाही गई थी। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान लोकायुक्त की ओर से कहा गया था कि राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी करके लोकायुक्त को एफआइआर सार्वजनिक करने से छूट प्रदान की है। जनहित याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान लोकायुक्त द्वारा एफआइआर दर्ज होने के बाद 24 घंटो में उसे वेबसाइट में अपलोड करने की बात कही गई। जिसके बाद युगलपीठ ने जनहित याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

## सजा भुगतनी होगी, ब्याज सहित राशि भी करनी होगी अदा

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तिवारी की अदालत ने चैक बाउंस के मामले में दायर अपील निरस्त कर दी। इसी के साथ आदेशित किया कि सजा भुगतनी होगी साथ ही ब्याज सहित राशि भी भुगतान करनी होगी। इस आदेश से अपीलार्थी राजेश को झटका लगा। उसे छह माह के कारावास की सजा सुनाई गई थी। साथ ही ब्याज सहित 15 लाख रुपये भुगतान का आदेश सुनाया गया था। जिसके विरुद्ध वह अपील के जरिए अदालत की शरण में आया था। अपील निरस्त किए जाने से विदित को राहत मिली है। मामले की सुनवाई के दौरान दलील दी गई कि परिवादी विदित व अनावेदक राजेश कपड़े के व्यवसायी हैं। जिनकी अच्छी जान पहचान है। राजेश ने विदित से निजी आवश्यकता होने का हवाला देकर 15 लाख रूपये उधार लिये थे। जिसके एवज में साढ़े सात लाख के दो चैक इलाहाबाद बैंक फुहारा चौक जबलपुर के हस्ताक्षर कर दिए थे। जो कि 16 अगस्त 2018 को खाते में राशि न होने के कारण अनादरित हो गए। जिसकी सूचना परिवादी ने अनावेदक राजेश समैया को दी, लेकिन उन्होंने उचित जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद उन्हें नोटिस भेजा गया उसके उपरांत यह परिवाद दायर किया गया। परिवाद पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नमिता बौरासी की अदालत ने दोषी पाते हुए सजा सुना दी थी।

## जांच अधिकारी द्वारा जानबूझकर की गई लापरवाही को नहीं कर सकते नजरअंदाज

**जबलपुर** । प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अंबुज श्रीवास्तव की अदालत ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि जांच अधिकारी द्वारा जानबूझकर की गई लापरवाही को नजरअंदाज नहीं कर सकते। लिहाजा, एसपी को संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। मामला अवैध शराब से संबंधित था। राज्य की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वर्षा मेहता व अधिवक्ता एचआर नायडू और नितिन सिंह ने पक्ष रखा। दलील दी गई कि 26 जनवरी, 2023 को रांझी थाने के सहायक उपनरीक्षक को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पानी की टंकी के समीप बगिया टोला में रामनारायण उर्फ नाटी चौधरी व्यापक मात्रा में अवैध शराब लेकर खड़ा है। वह बेचने की फिराक में है। जिसके बाद घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। आरोपित के पास लाइसेंस नहीं था। लिहाजा, प्रकरण कायम कर लिया गया। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई की प्रक्रिया में कई तरह से लापरवाही बरती। जिससे अभियोजन अदालत में संदेह से परे दोष सिद्ध करने में सफल नहीं हो सका है। अदालत ने इसी आधार पर आरोपित को दोषमुक्त कर दिया। लेकिन तल्ख टिप्पणी करते हुए जांच अधिकारी पर कार्रवाई की व्यवस्था भी दे दी।

- अदालत की तल्ख टिप्पणी : एसपी को अनुशासनात्मक कार्रवाई के दिए निर्देश



# 480 वाहन चालकों से वसूला डेढ़ लाख जुर्माना

## मंडे इज हेलमेट डे विशेष अभियान में पुलिस की कार्रवाई

**जबलपुर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर व घायल की संख्या को कम करने हेतु पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर मंडे इज हेलमेट डे अभियान लगातार जारी है। इस सोमवार को भी जिले भर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चैकिंग प्वाइंट लगाकर बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 480 दो पहिया चालको से चालान करते हुए 1 लाख 40 हजार रुपए जुर्माना वसूला किया गया। वहीं लोगों को हेलमेट पहनने की समझाईश भी दी गई। उल्लेखनीय है कि जबलपुर पुलिस ने नई पहल करते हुए 1 जनवरी से शहर के दो मार्गो में 1- थाना कैंट अंतर्गत सदर मेन रोड पैंटी नाका चौक से गणेश चौक तक, 2-थाना सिविल लाईन अंतर्गत चुंगी नाका से इलाहबाद चौक तक को हैल्मेट एवं सीट बैल्ट जोन के रूप में चिन्हित किया गया है जहां प्रति दिन प्रात 11 से दोपहर 2 बजे तक एवं शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक दोनों मार्गे पर विशेष चैकिग प्वाईट लगाये जाकर उव्त मार्ग पर बिना हैल्मेंट दुपहिया वाहनं एवं सीट बैल्ट लगाये चार पहिया वाहन चालकों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है,

पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने संस्कारधानी वासियों से अपील की है कि दो पहिया वाहन चलाते समय व सवार होते समय सिर पर हमेशा आई.एस.आई. मार्प वाला हेलमेट अवश्य धारण करें, तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट अवश्य लगायें।

## विद्युत वितरण कंपनी की अपील हाईकोर्ट ने की निरस्त

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने एकलपीठ के अनुकंपा नियुक्ति के आदेश को सही ठहराते हुए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की अपील निरस्त कर दी। पिता की मृत्यु के बाद पंकज केवट ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 2017 में कंपनी को निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता डॉ एकनाथ ज्योतिषी व कल्पना ज्योतिषी बताया कि कंपनी द्वारा आदेश नहीं मानने पर दोबारा याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता पूर्ण शैक्षणिक योग्यता रखता है, अतः उसे बिना किसी विलंब के अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। याचिकाकर्ता द्वारा कई बार अभ्यावेदन दिया गया और अपने सभी शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, लेकिन राहत नहीं मिली। इसी बीच विद्युत वितरण कंपनी ने युगलपीठ के समक्ष अपील प्रस्तुत की। कोर्ट ने अपील निरस्त कर एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखा।

# खनिजों के अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई




हरिभूमि जबलपुर।

खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खनिज साधन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा इस समय लगातार कार्रवाई की जा रही हैं इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा तिलवारा बाईपास गौर बाईपास एवं बरेला बाईपास पर वाहनों की सघन जांच की गई जांच के दौरान दो वाहन अलग-अलग स्थानों पर खनिज गिट्टी एवम मुरुम का अवैध परिवहन करते हुए पाए गए MP20GA6555 वाहन को जप्त कर बरेला थाना परिसर में खड़ा कराया गया तथा एक वाहन MP20HB9127 को जप्त कर कटंगी थाना परिसर में खड़ा करवाया गया है जप्त किए गए वाहनों पर खनिज नियमों अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में ।प्रस्तुत किया जाएगा उक्त कार्रवाई के दौरान दीपा बारेवार सहा खनि अधिकारी शिवपाल सिंह चौधरी खनि निरीक्षक एवं होमगार्ड सैनिक उपस्थित रहे।

# राम मंदिर का रास्ता बंद करने की कोशिश

## कॉलोनी अध्यक्ष की दबंगई आई सामने

हरिभूमि, जबलपुर।

देश की धर्मनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन को लेकर पूरे देश में उत्साह है। पीएम मोदी ने देशवासियों से अपने-अपने घरों और आसपास के मंदिरों में इस दिन राम भजन जैसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपील की है। ऐसे में शहर के मंदिरों में भी भव्य कार्यक्रमों की तैयारी चल रही है, लेकिन इस बीच एक दबंग कॉलोनी अध्यक्ष द्वारा रामपुर छापर के प्रतिष्ठित राम मंदिर का रास्ता बंद करने की धमकी दी गई है जिसका मामला अब थाने तक पहुँच गया है।

### शराब के नशे में दी धमकी

दरअसल पूरा मामला रामपुर छापर के राम मंदिर से जुड़ा हुआ है। इस राम मंदिर का रास्ता बगल की हाईकोर्ट कॉलोनी से होकर गुजरता है। इसी कॉलोनी के अध्यक्ष सूरजभान सिंह बघेल ने राम मंदिर में जाकर यहाँ का रास्ता बंद करने की धमकी दी है। मिली जानकारी के मुताबिक सूरजभान सिंह लम्बे समय से इस राम मंदिर का रास्ता रोकने की कोशिश कर रहा है।



### बंद कर दूंगा तब देखता हूं

मामले को लेकर शिकायतकर्ता राधामोहन तिवारी ने बताया कि मंदिर का निर्माण मेरे स्वर्गीय पिता हेतराम तिवारी द्वारा करीब 20 साल पहले कराया गया था। मंदिर में आम भक्तों के साथ ही शहर के तमाम जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का आना-जाना होता रहता है। वहीं 5 जनवरी को इस राम मंदिर में अयोध्या से रामलला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा का सूचना पत्रक पहुंचा था। ऐसे में मंदिर में 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम की तैयारी की जा रही थी जिसमे शहर के तमाम अधिकारियों और नेताओं का आगमन होना था, लेकिन जैसे ही इस बात की खबर कॉलोनी अध्यक्ष सूरजभान सिंह और उसके बेटे को लगी वह दोनों अपनी दबंगई दिखाने शराब के नशे में धुत्त होकर राम मंदिर परिसर में पहुँच गए और मेरे और मेरे परिवार के साथ गालीगलौज और अभद्रता करने लगे। सूरजभान सिंह ने धमकी देते हुए कहा कि तुम यहाँ बड़े-बड़े आयोजन करवाकर अधिकारियों और नेताओं को बुलाते हो। मैं इस राम मंदिर का रास्ता ही बंद कर दूंगा फिर देखता हूँ यहाँ कोई कैसे आता है।

### अवैध कब्जों का सता रहा डर

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि सूरजभान सिंह बघेल एमपी हाईकोर्ट का रिटायर्ड बाबू है जो इस कॉलोनी का अध्यक्ष भी है। पिछले 20 सालों में बघेल ने कॉलोनी के आसपास की शासकीय भूमि पर कई अवैध कब्जे कर रखे हैं, वहीं वह कॉलोनी अध्यक्ष के तौर पर कई अवैध कार्यो को भी अंजाम देता है। लेकिन इस राम मंदिर में रोजाना शहर के कई अधिकारियों और नेताओं का आना-जाना होता रहता है। ऐसे में बघेल को डर है कि कहीं इन अधिकारियों की नजर में उसके अवैध कब्जे और काम न जा जाएँ। यही वजह है कि अब वह राम मंदिर का रास्ता रोकने दबंगई कर रहा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से शिकायत करते करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही को फिर लगी ठंड

# दुकानदार खुद लगवा रहे किराए पर ठेले-टपरे

जबलपुर।

पहले स्वयं दुकान सड़क तक बढ़ाली, फिर दुकान के सामने सड़क पर ठेले लगवा दिया, और किराया भी वसूल रहे। फिर खुद की दुकान की गाड़ियां और उसके आगे ठेले की दुकान की गाड़ियां नतीजे में आधी सड़क पर पूरी तरह कब्जा..। ऐसे मंजर सिविक सेंटर, विजय नगर, अधारताल, गोरखपुर, गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, कमानिया, चरहाई से गढ़ाफाटक रोड, नार्मल स्कूल रोड, समदड़िया मॉल के चारों तरफ सहित हर जगह दिखाई देते हैं। लेकिन पुलिस, नगर निगम, प्रशासन हर कोई इनके आगे नतमस्तक हैं। सड़के के कोने में जमें ठेले तो नगर निगम हटवा लेता है। लेकिन पक्की दुकान के सामने किराये पर देकर लगवाए गये इन ठेलों के आगे नगर निगम बेबस है। जबकी यह असल समस्या हैं। क्योंकि सड़क के किनारे लगे ठेले सड़क का 20 फीसदी हिस्सा प्रभावित करते हैं। लेकिन दुकाने के सामने जमे यह ठेले सड़क और यातायात को पूरी तरह बेबस कर देते हैं। लेकिन नगर निगम प्रशासन इस तरह के ठेलों को अतिक्रमण ही नहीं मानता। अधिकतम सिर्फ इतना होता है कि जब नगर निगम कार्यवाही करने निकलता है तब यह ठेले दुकान के दरवाजे से सटाकर लगा दिये जाते हैं। कई क्षेत्रों में दुकान मालिकों ने अपने सामने की सड़क को ही किराए पर दे दिया है। इन क्षेत्रों में सुबह अथवा शाम को ठेलों के संचालन के लिए दुकान मालिक ठेले वालों से बकायदा किराया वसूल रहे हैं। आलम यह है कि कई क्षेत्रों में लोगों ने ठेले लगाते हुए दुकानें खरीद लीं लेकिन उन दुकानों के बाहर ही ठेले लगा रहे हैं। अंदर दूसरा व्यापार शुरू कर दिया है। सिविक सेंटर सहित कई क्षेत्रों में लाखों की दुकानों के सामने ऐसे ठेले संचालित होते दिख जाएंगे।




### सांची के नाम पर मनमानी

शहर के अलग अलग हिस्सों में जब कार्यवाही होती है तब नगर निगम सड़क पर जमे ठेले टपरे दुकानें हटाता जाता है। लेकिन उसी लाईन, उसी तरह, उससे ज्यादा जगह छेंक कर बने सांची कार्नर को नगर निगम अमला देखता भी नहीं। जिससे कई तरह के सवाल खड़े होते हैं। अगर यह कार्नर वैद्य हैं तो इसके आजू बाजू की दुकाने अवैध कैसे थीं। वहीं अगर यह अवैध हैं तो इन्हें हटाया क्यों नहीं गया। उदाहरण के तौर पर सिविक सेंटर माता गुजरी कालेज के बगल में रखा सांची कार्नर दुध दही के साथ हैट मफलर गुटखा बिड़ी सिगरेट सब बेचता है। अन्य दुकानों से ज्यादा सड़क भी घेरता है। लेफ्ट टर्न पर पूरी तरह कब्जा है। लेकिन नगर निगम इस तरफ कार्यवाही तो दूर ध्यान भी नहीं देता।

### कार्यवाही को लगी ठंड

सेंट्रल सिटी और अन्य इलाकों में अतिक्रमण मुक्त कराने के नाम पर चार दिन अतिक्रमण निरोधी दस्ता बुल्डोजर लेकर दौड़ा फिर 'ठंडा' पड़ गया। मुख्य मार्ग से लेकर फुटपाथ पर अतिक्रमण ज्यों का त्यों है। अतिक्रमण निरोधी दस्ता कब्जे हटाने के बजाय हर रोज सिविक सेंटर इलाके में अनाउंसमेंट की खानापूर्ति कर रहा है। पथ विक्रेताओं को हर रोज चेताया जाता है कि सड़क, फुटपाथ में अतिक्रमण न करें लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होती है। जिसका जहां मन करे अपना ठेला-टपरा जमा ले रहा है। ठेले, टपरों को राजसात नहीं करने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है। ठोस और प्रभावी कार्रवाई के अभाव में अतिक्रमणकारी बेखौफ हैं। सुबह जो मार्ग खाली नजर आते हैं, दोपहर होने से रात तक आधे से भी कम रह जाता है।

# कोहरा छाएगा, बादल आते-जाते रहेंगे

**जबलपुर।** जबलपुर समेत संभाग के कई जिले कोहरे की चपेट में आ गए हैं। मौसम विभाग ने शीतलहर चलने की भी संभावना जताई है। तीन दिन बादल बूंदाबांदी के बाद मौसम अब धीरे धीरे साफ हो रहा है। सोमवार को दोपहर में कुछ देर के लिये धूप भी निकली लेकिन उसके बाद फिर बादल छा गये। शाम को शीतलहर चलती रही। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, वहीं अरब सागर से आ रही नम हवा से बादल छा रहे हैं। बादलों के फेर में तापमान में भी आंशिक रूप से बढ़ोतरी दर्ज की गई। तापमान बढ़ा होने के बाद भी ठंड का असर बरकरार रहा। उत्तरी से आ रही बर्फीली हवा में ठंडक घुली रही। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम की रंगत बदली। मौसम साफ होगा पर कुछ पल बाद ही सूर्यदेव फिर बादलों में ओझल हो जाएंगे। बादलों के बीच पांच किमी प्रति घंटे की गति से चली उत्तरी बर्फीली हवा भी लोगों को सिहराएगी। शीतलहर का असर बना रहेगा।

धीरे धीरे शुष्क हो रहा मौसम, बढ़ेगी शीतलहर

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 23. 0डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 14.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकार्ड किया गया। प्रदेश में सबसे कम तापमान 07.09 डिग्री ग्वालियर में दर्ज किया गया।

- गंदे पानी की निकासी के लिए करोड़ों खर्च फिर भी समस्या जस की तस
- खेतों में भर रहा पानी गेहूं की फसल बर्बाद

# नगर पालिका के अधूरे नाले ने बढ़ाई किसानों की मुसीबत



**सिहोरा।** नगर के गंदे पानी की निकासी के लिए नगर की पालक संस्था द्वारा करोड़ों रुपए तो खर्च कर दिए लेकिन गंदे पानी की समस्या आज भी सीना ताने खड़ी हुई है। जिसके चलते नाले का पानी किसानों के खेत में भर जाने के कारण उनकी फसल बर्बाद हो रही है।

उल्लेखनीय है कि नगर के गंदे पानी की निकासी हेतु करीब 1करोड 80 लाख रुपए की लागत से मझौली बाईपास से बाह्य नाला तक नाला निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा है लेकिन आधे अधूरे नाले में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ किसानों की समस्या भी बढ़ा दी एंव जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि नगर का गंदा पानी नाले के माध्यम से बाय नाला तक जाना था लेकिन आधे अधूरे निर्माण के कारण पूरे नगर का गंदा पानी किसानों के खेत में भर रहा है किसानों को दिन भर मोटर लगाकर खेत खाली करने पड़ रहे हैं। विदित हो खेतों में गेहूं की बोनी हो चुकी है ऐसे में खेत जलमग्न रहने के कारण गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी किसानों ने मांग की है कि अधूरे नाले के कारण खेतों में भर रहे पानी की समस्या का तत्काल निराकरण कराया जाए ताकि किसान अपने खेत एवं फसल सुरक्षित कर सके।



# माँ कर्मा साहू युवा संस्था की 34वीं वर्षगांठ मनाई

**जबलपुर।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माँ कर्मा की 1008वीं जयंती के पूर्व संस्था की वर्षगांठ मनाई गई। श्री कर्मा साहू युवा संस्था जबलपुर की स्थापना 07 जनवरी 1990 को हुई थी, इस वर्ष 07 जनवरी को संस्था की 34वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस शुभ अवसर पर माँ कर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात माँ कर्मा की आरती की गई। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में अध्यक्ष दीपक साहू, उपाध्यक्ष सरयू साहू, सचिव योगेन्द्र साहू, रमेश साहू, अनिल साहू, धीरज साहू, सुधीर साहू, सुरेश साहू, सुमित साहू, दीपक साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# कड़कड़ाती ठंड में जरुरतमंदों को शाल एवं जर्सी वितरित

**सिहोरा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सिहोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हरगढ़ में जरूरतमंदों को ठंड से बचाने साल एवं जर्सी का वितरण किया गया।नए शाल में लगातार 5 वर्षों से ग्राम पचांयत हरगढ़ के माल गुजार एवं गहोई वैश्य समाज के पूर्व अध्यक्ष गिरधर सरावगी के सौजन्य से ग्रांम के जरूरतमंद एवं महिलाओ को जर्सी एवं साल का वितरण किया गया। साल वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमति गीता सरावगी इंजीनियर पूनम सरावगी,इंजीनियर अनुराग सरावगी का सहयोग सराहनीय नहीं रहा।

## भगवान 1008 चंद्र प्रभु एवं पार्श्वनाथजी का जन्म तप कल्याणक मनाया

**पनागर।** भगवान 1008 श्री चंद्रप्रभु एवं पार्श्वनाथ भगवान जी का जन्म तप कल्याण बड़े मंदिर श्री शांतिनाथ जिनालय एवं विद्यासागर वार्ड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय नायक मंदिर में बड़े धूमधाम एवं भक्ति भाव से मनाया गया सुबह भक्त जनों ने भगवान का अभिषेक शांति धारा पूजन सहित अनेक विविध आयोजन किए गए अनेक भक्त जनों ने भगवान का विधान करते हुए धर्म लाभ लिया समाज के बड़े बुजुर्गों के अलावा शांतिनाथ महिला परिषद एवं ब्राह्मी विद्या बालिका मंडल ने भी समस्त धार्मिक कार्यों में भाग लेकर पुण्य अर्जन किया।

## वाहन चालक ट्रक को छोड़कर भाग निकला

# अवैध रूप से वध करने ले जा रहे 40 नग गोवंश पुलिस ने पकड़े



**मझौली।** विश्व हिंदू परिषद मझौली के द्वारा आज गोवंश की 40 नाग ट्रक मेभर कर जा रहे थे उनको पकड़ा थाना मझौली में सूचना देकर मझौली से 1 किलोमीटर दूर है ग्राम मोहनिया के आगे ट्रक क्रमांक एम 40 कम 5920 में अवैध रूप से बध करने ले जाने के लिए क्रूरता पूर्वक 40 नग गोवंश भरे जा रहे थे जिसकी सूचना मिलने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मझौली के अध्यक्ष श्रवण कुमार सोनी एवं उनके साथ ही साहिल रैकवार प्रिंस चौहान मन्नू मिश्रा अमन साहू श्रीकांत जैन साहिल साहू एवं अन्य लड़कों के साथ पहुंचा तो देखा कि मवेशियों को मारते पीटते कुर्ता करते हुए सभी को ट्रक में लोड कर रहे थे इनको आते देख ट्रक चालक तेज रफ्तार से आगे जाकर ट्रक अंधेरे में खड़ा कर वहां से भाग निकला उनका पीछा करते हुए साथियों के साथ ट्रक नहर के किनारे कच्ची रोड में छोड़कर रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाते हुए ट्रक चालक भाग निकला देखा कि 40 मवेशी भरे जा रहे थे पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने सूचना पर ही कार्रवाई की एवं ट्रक को थाने में खड़ा कर दिया तथा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 एक्ट के तहत आरोपी घनश्यामदहिया पवन दहिया जित्तू दहिया अनु सभी मोहनिया ग्राम निवासी एवं कालीचरण चौधरी ट्रक ड्राइवर के ऊपर मामला कायम कर जांच में लिया।

## सिहोरा को जिला बनवाने मुख्यमंत्री से मिलेंगे विधायक बडकडे

**सिहोरा।** सिहोरा जिला प्रत्येक नागरिक की जनभावना है और सिहोरा का जायज हक भी है। सिहोरा वासियों की इस भावना से सरकार पूर्व से ही अवगत है और अब सिहोरा वासियों को साथ ले सिहोरा को जिला बनाने की लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की जाएगी। उक्त आश्वासन सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े द्वारा लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों के साथ हुई बैठक में दिया गया। विदित हो कि रविवार को आंदोलन समिति ने लोकसभा चुनाव के पहले सिहोरा जिला बनाने की रणनीति तय करने की बैठक की थी।बैठक में विधायक सिहोरा की अगुवाई में आगे का कदम उठाने का निर्णय हुआ था।समिति द्वारा बैठक का प्रस्ताव मिलते ही उन्होंने समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। चर्चा में विधायक ने विश्वास जताया कि सरकार सिहोरा को जिला जरूर बनाएगी।जल्द ही वे मुख्यमंत्री से मिलकर जनभावना को उनके समक्ष रखेंगे।विधायक ने मुख्यमंत्री से समय ले समिति के सदस्यों की वार्ता कराने का भी आश्वासन दिया।

# डायल 100 वाहन ने महिला को अस्पताल पहुंचाया

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत एक महिला द्वारा जहर का सेवन कर लिए जाने पर उसे अस्पताल ले जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिल रहा था तब परिजनों ने डायल 100 सेवा का उपयोग किया। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रुम भोपाल को सूचना मिलते ही बरेला क्षेत्र में तैनात एफआईआर वाहन को घटना स्थल पर रवाना किया। पुलिस कर्मियों ने अपने वाहन में ले जाकर जिला चिकित्सालय में भर्ती किया।




## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत झिन्ना सिद्धबाबा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झिन्ना सिद्धबाबा निवासी 24 वर्षीय अमर अहिरवार घर में अकेला था। गत शाम लगभग 6.30 बजे अमर अहिरवार ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम कर मामला जांच में लिया है।

## समन्वय साधना प्रवचन माला का त्रिदिवसीय आयोजन आज से

**जबलपुर।** समन्वय सेवा केन्द्र के जयनारायण सभागृह में "समन्वय साधना प्रवचन माला" का त्रिदिवसीय आयोजन 09 से 11 जनवरी तक होगा जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि के प्रवचन होंगे। समन्वय परिवार के प्रबंध न्यासी डॉ. कैलाश गुप्ता ने बताया कि समन्वय साधना प्रवचन माला के मासिक सत्संग के उत्तम आयोजन के क्रम में समन्वय सेवा केन्द्र में विविध आनुष्ठानिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रवचन का समय शाम 06 बजे से रखा गया है। दिनांक 09 और 10 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से शिव पूजन एवं रुद्राभिषेक के कार्यक्रम होंगे। 11 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से समन्वय केन्द्र परिसर में "लघुरुद्र स्वाहाकार यज्ञ" एवं संत सम्मान का आयोजन होगा। समन्वय परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि का 11 जनवरी को 69वां जन्म दिवस धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न होगा एवं सायंकाल गौरीघाट में नर्मदा आरती में सभी सम्मिलित होंगे।

# लावारिस छोड़े गए बुजुर्ग की मौत, मेडीकल में शव कर रहा अपनों का इंतजार



**जबलपुर।** ऑटो से कुछ लोग एक 60वर्षीय बुजुर्ग को तिलवारा घाट के किनारे पुल के नीचे छोड़ गए। मोक्ष मानव संस्था को जब इसकी सूचना मिली तो आशीष ठाकुर अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग को मेडीकल ले जाया गया जहां उसे भर्ती नहीं किया गया, बाद में उसे विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देर रात बुजुर्ग की मौत हो गई। उनके अंतिम संस्कार को लेकर ओमती और गढ़ा थाने के बीच मर्ग कायमी का मामला झूलता रहा। क्योंकि मृतक को तिलवारा थाना क्षेत्र से लाया गया था इसलिए ओमती पुलिस ने मामला तिलवारा भेज दिया। तिलवारा पुलिस द्वारा शव मेडीकल कॉलेज लाया गया, मेडीकल की मरचुरी में शव रखा गया है। मोक्ष संस्था ने आग्रह किया है कि मृतक के परिजन सामने आए संस्था द्वारा निःशुल्क अंतिम संस्कार करने का वचन निभाया जाएगा। अन्यथा ऐसे में वृद्ध को शव मेडीकल कॉलेज अस्पताल में सड़ गल जाएगा। ऐसे में अंतिम संस्कार करने में दिक्कत आएगी।

## नशे में आग लगाकर की आत्महत्या

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत पोड़ीकला में आग लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि युवक का स्वास्थ्य खराब रहता था और अत्यधिक शराब पीने का आदि था। युवक की दो शादियां हुई थी और दोनों पत्नीयां उसे छोड़कर चली गई थी। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पोड़ीकला निवासी 38 वर्षीय शिवप्रसाद यादव ने गत दिवस अपने कमरे के अंदर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवप्रसाद की दो शादियां हुई थी और उसकी दोनों पत्नीयां उसे छोड़कर भाग गई थी तभी से वह अकेला अपने माता पिता के साथ रहता था। शिवप्रसाद अत्यधिक शराब पीने का आदि था और उसका स्वास्थ्य भी खराब रहता था। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# लोडेड पिस्टल के साथ 2 बदमाशों को पुलिस ने दबोचा



**जबलपुर।** गोहलपुर एवं क्राइम ब्रांच की टीम ने दो बदमाशों को लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। यह आरोपी अमखेरा रोड पर बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए खड़े थे। इस मामले में थाना प्रभारी गोहलपुर राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि क्राइम ब्रांच की सूचना पर अमखेरा रोड में 40 फिट रोड के किनारे दबिश दी गई। यहां घेराबंदी करके 25 वर्षीय मोहम्मद आमिर खान निवासी अहमदनगर कटरा को पकड़ा गया, इसकी तलाशी लेने पर एक कारतूस लोडेड रिवाल्वर तथा एक चाकू जब्त किया गया। इसी प्रकार अमन गार्डन के पास न्यू आनंद नगर रजा चौक निवासी 24 वर्षीय दानिश अफरिदी को 2 कारतूस लोडेड पिस्टल और 2 एप्पल कम्पनी के मोबाइल के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**श्री भाग चंद्र पटेल** - पटेल आटा चक्की, पुराना कंचनपुर निवासी श्री भाग चन्द्र पटेल का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया हैं। वे स्व श्री सुंदर लाल लोधी के पुत्र एवं अनिल पटेल, सुनील पटेल के पिता थे। अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान में सम्पन किया



**श्री सतीश कुमार तिवारी-** स्लीमनाबाद तिहारी निवासी श्री रमेश कुमार तिवारी के पुत्र श्री सतीश कुमार तिवारी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वनराज सिंह आनंद-** नेपियर टाउन निवासी श्री परमीत सिंह आनंद के पुत्र श्री वनराज सिंह आनंद (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री खेमचंद चांदवानी-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री खेमचंद चांदवानी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सियारानी वर्मा-** सुदामानगर आमनपुर निवासी श्री मनीशंकर वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सियारानी वर्मा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री डब्बल मल्लाह-** ग्वारीघाट पुरानी बस्ती निवासी श्री डब्बल मल्लाह (85) का निधन हो




गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रविन्दरजीत सिंह बग्गा-** हाथीताल एनईएस के सामने निवासी श्री रविन्दरजीत सिंह बग्गा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लीला आचार्य-** एसएएफ रांझी निवासी श्री धर्मानंद आचार्य की धर्मपत्नी श्रीमती लीला आचार्य (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जयंती बाई सोनी-** फूटाताल निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती बाई सोनी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सदस्य प्रसाद मिश्रा-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री सदस्य प्रसाद मिश्रा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल कश्यप-** फूटाताल कश्यप मोहल्ला निवासी श्री छोटे लाल कश्यप (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा बाई चमकेल-** सदर केंट क्वाटर्स निवासी श्री रमेश चमकेल की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा बाई चमकेल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वंदना कोरी-** विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री संजय कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री **राधेश्याम कोरी-** रानी दुर्गावती नगर फेस 1, तिलहरी निवासी श्री राधेश्याम कोरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती चौधरी-** सरकारी कुआं प्रेमसागर रोड निवासी श्री जीतेंद्र चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती मालती चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्रीमती पुर्णिमा अग्निहोत्री-** रामपुर निवासी श्री हेमंत कुमार अग्निहोत्री की धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा अग्निहोत्री (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमर अहिरवार-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मुन्नालाल अहिरवार के पुत्र श्री अमर अहिरवार (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जिप्पी सोंधिया-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री जिप्पी सोंधिया (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शमिया बाई-** सिद्धबाबा गणेश चौक निवासी श्री हरीराम की धर्मपत्नी श्रीमती शमिया बाई (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



# पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करेंगे वरुण

**मुंबई।** अभिनेता वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। वरूण ने डेविड की फिल्म मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नं 1 में साथ काम किया है। उनकी आने वाली फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होने वाली है, जिसकी शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू की जाएगी। डेविड पिछले कुछ महीनों से एक अच्छे आइडिया की तलाश में थे। अब फाइनली उन्हें एक आइडिया पसंद आ गया है, जिसकी कहानी के लिए वह बेटे वरुण धवन को कास्ट कर चुके हैं। इस फिल्म को रमेश तौरानी प्रोड्यूस करेंगे। यह फिल्म टिप्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनेगी। फिल्म की शूटिंग भारत और विदेश की कुछ चुनिंदा लोकेशन पर होगी।

लाइफ Style



# तनिष्का

## ब्रेकअप पर बोलीं- इमोशनली बहुत कठिन था

ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की शानदार अभिनेत्री तनुजा की छोटी बेटी तनीषा मुखर्जी इन दिनों झलक दिखला जा में अपने डांस से सबको इंटरटेन कर रही हैं। अभिनेत्री अपने डांस के अलावा फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों को अपना दीवाना बनाया। अदाकारा ने फिल्म नील 'एन' निक्की से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में तनीषा के साथ उदय चोपड़ा ने भी काम किया है। इस फिल्म के दौरान उदय और तनीषा के रिश्ते बन गए। दोनों ने एक दूसरे को कई साल तक डेट किया उसके बाद दोनों अलग हो गए। अब तनीषा ने एक इंटरव्यू में कहा 'उदय और मैं 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे' के टाइम पर मिले थे। उस दौरान हम दोस्त बन गए और हम हमेशा दोस्त थे और मुझे लगता है कि ऐसी ही फिल्म के दौरान हम नजदीक आ गए और फिर हमें प्यार हो गया। जब तनीषा से उनकी शादी की असली वजह पूछी गई तो उन्होंने बताया कि चीजें उनके हिसाब से काम नहीं कर रही थीं इसलिए उनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि, ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्री सिंडी नहीं रही

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन का निधन हो गया है। अभिनेत्री ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था।



# 'अवतार 3' की आहट ने हिला डाला इंटरनेट...

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून और जॉन लैंडौ ने ब्लॉकबस्टर 'अवतार' के एक नहीं बल्कि तीन सीक्वल की घोषणा करके 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की सफलता को कैश करने का पूरा प्लान बना लिया है। सुपरहिट फैंचाइजी की तीसरी किस्त 'अवतार 3' (अस्थायी नाम) की शूटिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है। अब इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम जारी है। वहीं अब जेम्स कैमरून ने फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी शेयर कर दी है। जेम्स कैमरून ने एक टीवी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, अभी हम पोस्ट-प्रोडक्शन के दो वर्षों में बहुत व्यस्त हैं, इसलिए यह फिल्म '2025 के क्रिसमस पर सिनेमाघरों में होगी।



# मेघना की फिल्म में नजर आएंगे सिद्धार्थ...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा की वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ, मेघना गुलजार और मलयालम फिल्मों के निर्देशक जीतू जोसेफ की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इन दोनों ही फिल्मों की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, इनकी शूटिंग अगले साल शुरू करने की योजना है। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनने वाली फिल्म एक भयावह सच्ची घटना पर आधारित है। वही जीतू जोसेफ के निर्देशन में बनने वाली फिल्म प्रवर्तन निदेशालय के एक बहादुर और तेज तर्रार अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है। बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पाटनी की ये फिल्म अब 15 मार्च 2024 को रिलीज होगी।



# 'कैप्टन मिलर' में आए एक्शन मोड में

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार धनुष की मच अवेटेड फिल्म 'कैप्टन मिलर' का हर किसी को इंतजार है ऐसे में मेकर्स ने इसका दमदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। आपको बता दें कि यह फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में धनुष खतरनाक रोल में दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर में आप धनुष के खूंखार अवतार को देख सकेंगे। 'कैप्टन मिलर' फिल्म के ट्रेलर में धनुष का एक्शन हर किसी के दिमाग में छप गया है। अगर धनुष के लुक की बात करें तो वह लंबे बालों और बढ़ी हुई दाढ़ी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। वहीं अगर फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो 2.54 सेकंड के इस ट्रेलर में धनुष के काफी एक्शन सीन दिखाई देते हैं, वह अकेले ही अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते दिख रहे हैं।


टीवी मसाला



# सिर्फ 16 साल में किया डेब्यू टीवी पर भी किया सालों राज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक कई ऐसे एक्टर्स हैं जिनके एक किरदार ने ही उन्हें अभिनय की दुनिया में अमर कर दिया। आज एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका नाम लेते ही आपके दिमाग में सबसे पहले उनके द्वारा सालों पहले अदा किया गया एक ऐसा किरदार आएगा जो आज भी आपके चेहरे पर मुस्कान बिखेर देगा। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि टीवी की सबसे प्यारी 'बा' यानी कि एक्ट्रेस सरिता जोशी हैं। साल 2005 में टेलीकास्ट होने वाले सीरियल 'बा बहू और बेबी' से एक्ट्रेस सरिता जोशी ने घर-घर में पहचान बनाई थी। सरिता जोशी सीरियल्स के अलावा कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। ये एक्ट्रेस आखिरी बार हाल ही में रिलीज हुई विक्रांत मेस्सी की सुपरहिट फिल्म '12 वीं फेल' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने विक्रांत की दादी का किरदार निभाया था। 'कन्यादान', 'नजर', 'सिंबा' एक्ट्रेस की बेहतरीन फिल्मों में शामिल हैं। एक्ट्रेस की दोनों बेटियां केतकी दवे और पूर्वी जोशी भी एक्ट्रेसेज हैं। सरिता जोशी को पहचान भले ही सीरियल 'बा बहू और बेबी' से मिली, लेकिन ये एक्ट्रेस सीरियल के टेलीकास्ट होने से सालों पहले से अभिनय की दुनिया में सक्रिय थीं। उन्होंने 'बा बहू और बेबी' से पहले कई सीरियल्स में काम किया था और वह गुजराती थिएटर का भी जाना-माना नाम रह चुकी हैं। केवल 16 साल की उम्र में सरिता जोशी ने पहली बार गुजराती थिएटर के ड्रामा में लीड रोल निभाया था। उसके बाद उन्होंने साल 1980 में सीरियल 'तितलियां' से छोटे पर्दे पर डेब्यू किया था। इस सीरियल का निर्देशन राज बब्बर की पत्नी नादिरा बब्बर ने किया था।

## समर्थ से झगड़ने के बाद अभिषेक घर से हुए बेघर



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' के अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल के बीच जमकर लड़ाई हुई। अभिषेक कुमार ने उन्हें थप्पड़ मार दिया, जिसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। बिग बॉस ने लड़ाई के बाद अंकिता से पूछा कि क्या शारीरिक झगड़ों के बावजूद अभिषेक को खेल में बने रहना चाहिए। अंकिता ने सनी आर्य के निष्कासन का हवाला देते हुए अभिषेक के खिलाफ नकारात्मक बात कही। वे इस बात पर सहमत थीं कि अभिषेक को शो छोड़ देना चाहिए। अन्य कंटेस्टेंट ने भी इसका समर्थन किया और कहा कि यह सही निर्णय है, क्योंकि अभिषेक कुमार ने शो में सबसे बड़े नियमों में से एक को तोड़ा है। अभिषेक पिछले कुछ दिनों में समर्थ के साथ अपने लगातार झगड़ों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने समर्थ को शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने की भी कोशिश की थी, हालांकि अभिषेक कुमार के फैंस उनका बचाव कर रहे हैं। कई नेटिजेंस का मानना है कि समर्थ ने उन्हें थप्पड़ मारने के लिए उकसाया था। वे इसे क्रिया की प्रतिक्रिया बता रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, समर्थ के साथ अभिषेक की न बनने की वजह बिल्कुल सीधी है।

# सबसे महंगे गीतकार बने जावेद, डंकी के गाने के लिए 25 लाख वसूले ...



**मुंबई।** शाहरुख खान की फिल्म डंकी बॉक्स ऑफिस पर धमाल-कमाल कर रही है। फिल्म की कहानी और उसके गाने लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। खास तौर से फिल्म का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लोगों की जुबान पर चढ़ा हुआ है। इस गाने को मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखा है। इस हिट गाने को लिखने के लिए जावेद अख्तर ने जो मोटी फीस वसूली थी उससे वे बॉलीवुड के सबसे महंगे गीतकार बन गए। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म डंकी का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लिखने के लिए जावेद अख्तर ने 25 लाख रुपए लिए थे। उन्होंने बताया कि यह एक गाना लिखने के लिए आज तक किसी भी गीतकार द्वारा ली जाने वाली रिकॉर्ड फीस है। हाल ही में एक स्टेज शो के दौरान जावेद अख्तर ने इस बात की पुष्टि भी की थी। शो के दौरान जावेद अख्तर ने बताया कि वह आम तौर पर फिल्म में केवल एक गाना नहीं लिखते, लेकिन राजू हिरानी ने उन्हें जोर देकर कहा कि वह केवल एक ट्रैक के लिए गीत लिखें। उन्होंने कहा कि 'ये गाना आपके अलावा कोई नहीं लिख सकता। मैंने फिर उनके सामने 25 लाख रुपए लेने की शर्त रखी। मुझे लगा कि वो शायद मेरी शर्त से हतोत्साहित हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने मेरी शर्तों को बिना हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया।

# मनाली की निशा ठाकुर के सिर सजा विंटर क्वीन का ताज...



**मनाली/ कुल्लू।** मनाली में राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल में करवाई विंटर क्वीन प्रतियोगिता में मनाली की ही निशा ठाकुर ने विंटर क्वीन का ताज पर कब्जा जमाया। वहीं फस्ट रनरअप का खिताब शिमला की कोहिनूर सरकेक ने जीता और सेकेंड रनरअप मनाली की भव्य पंडित रहीं। शरद सुंदरी का ताज जीतने वाली निशा ठाकुर को एक लाख का ईनाम दिया गया। मनाली में शून्य तापमान के बीच सुंदरियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। हर युवती ने निर्णायकों के सवालों के जवाब बखूबी दिए। इससे पहले मनु रंगशाला में विंटर क्वीन प्रतिस्पर्धा की प्रतिभागियों ने टेलेंट राउंड में दमदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 27 युवतियों ने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

## गोल्डन ग्लोब विजेताओं का हुआ ऐलान

# गोल्डन ग्लोब 2024 में 'ओपेनहाइमर' का बोलबाला, क्रिस्टोफर बने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक

*केलिफोर्निया। मनोरंजन की दुनिया में हर साल ऑस्कर से पहले गोल्डन ग्लोब पुरस्कार का इंतजार रहता है। इस पर दुनियाभर के दर्शकों की निगाहें होती हैं और हों भी क्यों न, यह फिल्म और टीवी की दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार जो है। इस समारोह में नामांकन पाने वालों के नाम सामने आने के बाद से इसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर था। अब आखिरकार गोल्डन ग्लोब पुरस्कार पाने वाले विजेताओं के नाम का ऐलान कर दिया गया है।*

### 'ओपेनहाइमर' ने जीते सबसे ज्यादा अवार्ड

फिल्म 'ओपेनहाइमर' ने भी कई श्रेणियों में पुरस्कार हासिल किया। मोशन पिक्चर की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब रॉबर्ट डाउनी ने फिल्म 'ओपेनहाइमर' के लिए जीता। इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार क्रिस्टोफर नोलन ने जीता। यह उनका पहला गोल्डन ग्लोब पुरस्कार है। यही नहीं, मोशन पिक्चर ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी इसी फिल्म के अभिनेता सिलियन मर्फी को मिला। बेस्ट स्कोर मोशन पिक्चर और बेस्ट मोशन ड्रामा पिक्चर का पुरस्कार भी 'ओपेनहाइमर' को मिला।

### 'बार्बी' चूकी, पूअर थिंग्ज ने मारी बाजी

गोल्डन ग्लोब्स 2024 में मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी की श्रेणी में 'बार्बी' से मार्गोट रोबी पुरस्कार पाने से चूक गईं। उनकी बजाय एम्मा स्टोन 'पूअर थिंग्ज' के लिए बाजी मार गईं। बेस्ट स्क्रीनप्ले मोशन पिक्चर की श्रेणी में भी 'बार्बी' को हार का सामना करना पड़ा। बेस्ट पिक्चर का खिताब भी 'पूअर थिंग्स' को मिला। हालांकि, मोशन पिक्चर बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के अलावा सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट की श्रेणी में बॉर्बी ने पुरस्कार हासिल किया।



### अन्य श्रेणियों में इन्हें मिला पुरस्कार

लिमिटेड सीरीज में सर्वश्रेष्ठ महिला अभिनेत्री का खिताब अली वॉन्ग ने 'बीफ' के लिए जीता। स्टीवन येउन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का गोल्डन ग्लोब अपने नाम किया। मोशन पिक्चर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक महिला कलाकार का गोल्डन ग्लोब डे' वाइन जॉय रैंडोल्फ। एलिजाबेथ डेबिकी ने सीरीज 'द क्राउन' के लिए सवश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब मैथ्यू मैकफेडेन को 'सक्सेशन' के लिए मिला। आयो एडेबिरी ने टीवी कॉमेडी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता।

### बेस्ट पिक्चर बनी 'एनाटॉमी ऑफ फॉल'

सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले का पुरस्कार 'एनाटॉमी ऑफ फॉल' को मिला। गैर-अंग्रेजी भाषा में बेस्ट पिक्चर का पुरस्कार भी इसी फिल्म को मिला। रिकी गेरवाइस टीवी के सर्वश्रेष्ठ स्टैंडअप कॉमेडियन तो सर्वश्रेष्ठ टीवी फीमेल एक्ट्रेस सारा स्नूक बनीं। बेस्ट ड्रामा सीरीज का खिताब 'सक्सेशन' ने जीता।

### कब हुई थी गोल्डन ग्लोब पुरस्कार की शुरुआत?

*यह गोल्डल ग्लोब्स का 81वां संस्करण था, जिसकी मेजबानी जाने-माने कॉमेडियन जो कॉय ने की। इस साल गोल्डन ग्लोब्स के नामांकन में फिल्म और टीवी जगत से 27 पुरस्कार श्रेणियां शामिल थीं। इसमें सिनेमैटिक व बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट और बेस्ट स्टैंडअप कॉमेडियन ऑन टेलीविजन जैसी 2 नई श्रेणियां शामिल की गई थीं। 1944 में इन पुरस्कारों की शुरुआत हुई थी। शुरुआत में यह पुरस्कार सिर्फ फिल्मों के लिए दिया जाता था। 1956 में इसमें टीवी को शामिल किया गया था।*

## जोर पकड़ रही ओपीएस पेंशन की मांग

# रेलवे व डिफेंस फेडरेशन भूख हड़ताल पर बैठा




**जबलपुर।** एनएफआईआर के आहवान पर एनपीएस हटाने और ओपीएस लागू करवाने की मांग को लेकर डब्ल्यूसीआरएमएस वेस्ट सेंट्रल रेल मज़दूर संघ द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष 08 जनवरी सोमवार की सुबह 10 बजे से 4 दिवसीय भूख हड़ताल का जोरदार आगाज। इस ऐतिहासिक आंदोलन में बड़ी संख्या में युवा रेल कर्मचारी शामिल होकर सहभागी बन रहे हैं पहले दिन युवा साथी संतोष त्रिवेणी, संजय चौधरी, दुर्गा तिवारी, एस के सिंह, अभिषेक सेन आदि भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

### निर्माणियों में भी ओपीएस को लेकर हड़ताल शुरू

निर्माणियों के मुख्य गेट पर तम्बू गाड़कर बैठे कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। अगले चार दिनों तक कर्मचारी यूं ही भूख हड़ताल पर रहेंगे। वहीं इसके बाद भी सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे फरवरी माह में बड़े और उग्र आंदोलन की तैयारी कर रहें है।ऑल इंडिया डिफेंस ईम्पलॉय फेडरेशन (एआईडीईएफ) व आईएनडीडब्ल्युएफ के आह्वान पर जबलपुर निर्माणियों में फेडरेशनों से संबंधित यूनियन प्रतिनिधियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। लेबर यूनियन के महामंत्री एवं फेडरेशन के राष्ट्रीय संघठन मंत्री अर्नब दास गुप्ता ने बताया कि 1 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को एनपीएस के तहत नया पेंशन स्कीम में रखा गया है। जिससे कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। हाल ही में रिटायर्ड कर्मचारी जो नई पेंशन के तहत थे उन्हे मासिक पेंशन मात्र 900 रुपए प्रति माह दिया जा रहा है। इस महंगाई की दौर में 900 रुपए में पूरे माह भर का खर्चा उठाना नामुनकिन है। आईएनडीडब्ल्यूएफ सचिव आनंद शर्मा ने बताया कि एनजेसीए के तत्वाधान में राष्ट्र व्यापी आंदोलन किया जा रहा है। उसी के तहत ओएफके सुरक्षा कर्मचारी यूनियन (इंटक) ने भी सुबह 6 बजे से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की है। इन चार दिनों में हम ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों को जागरूक करेंगे। वहीं सरकार से अनुरोध है कि वह अपने निर्णय पर पुनः विचार करें।

### जीसीएफ में होगी 11 जनवरी को भूख हड़ताल

**जबलपुर।** ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले डिफेंस रेलवे एवं अन्य केंद्रीय विभाग द्वारा 8 जनवरी से 11 जनवरी तक क्रमिक भूख हड़ताल का आह्वान किया गया इस कार्यक्रम में जीसीएफ के द्वारा 11 जनवरी को निर्माणी के गेट पर भूख हड़ताल का कार्यक्रम तय किया गया निर्माणी में ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडर के समस्त पदाधिकारी ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कमर कस लिया है सरकार द्वारा एनपीएस स्क्रैप ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली के लिए यह आंदोलन किया जा रहा है मजदूर संघ हथोड़ा जीसीएफ के महामंत्री रोहित यादव का कहना है या हड़ताल सरकार को चेतावनी है अगर सरकार द्वारा ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली नहीं किया गया तो आगे और बड़े आंदोलन के लिए सरकारी कर्मचारी लामबंद है जीसीएफ कार्य समिति सचिव राजा पांडे द्वारा पदाधिकारी एवं कर्मचारियों से शांतिपूर्ण तरीके से भूख आंदोलन करने का आग्रह किया गया।



# सुदामा चरित्र सुन आंखों से छलक पड़े आंसू

### परीक्षित मोक्ष के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**कथावाचक सुरेंद्र दुबे शास्त्री महाराज को दी भावभीनी विदाई**


**जबलपुर।**

श्रमजीवी पत्रकार परिषद युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मानकुंवर मैरिज गार्डन दीनदयाल चौक में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष के साथ समापन हो गया। भागवत कथा के अंतिम दिवस व्यासपीठ से शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र दुबे शास्त्री जी महाराज ने परीक्षित मोक्ष एवं सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किया। सुदामा चरित्र के मार्मिक प्रसंग के व्याख्यान के दौरान सभी भक्तों की आंखों में आंसू आ गए। इसके पश्चात परीक्षित मोक्ष की कथा हुई और सुकदेव महाराज जी को विदाई दी गई। कथा के समापन पर भागवत कथा के मुख्य यजमान लीलावती विश्वकर्मा, टीएन कृष्णा विश्वकर्मा, रवीन्द्र दयावती कागदीगर, प्रदीप विश्वकर्मा, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला, महासचिव सुधीर खरे, प्रवक्ता सत्यजीत यादव एवं क्षेत्रीय लोगों ने सुरेंद्र दुबे शास्त्री जी महाराज को शॉल, श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी।

हवन पूजन के साथ आज होगा भंडारा- कथा के समापन पर आज भक्तों द्वारा हवन पूजन किया जाएगा। पूजन हवन का कार्य आचार्य अमित उपाध्याय, संजय उपाध्याय, श्याम शास्त्री संपन्न कराएंगे। उसके पश्चात भागवत महापुराण की आरती और फिर भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

यह रहे उपस्थित- इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव गंगाचरण मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, प्रदेश महासचिव राजेश दुबे, सुनील साहू, विलोक पाठक, राजीव उपाध्याय, चंद्रशेखर शर्मा, विवेक यादव, जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला, महासचिव सुधीर खरे, प्रवक्ता सत्यजीत यादव, संजय साहू, सृजन शुक्ला, श्याम विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## नवीन मेडीकल कॉलेज खोलने से पहले मध्यप्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाया जाये



**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. पुरूषोत्तम तिवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव की उज्जैन में की गई घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. मोहन यादव ने हर लोकसभा क्षेत्र व हर जिले में मेडीकल कॉलेज बनाने की दिशा में कार्य करने की घोषणा की है। आज मप्र में 13 मेडीकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं उनमें लगभग 1 हजार से अधिक डॉक्टरों की आवश्यकता है। वहां पर पर्याप्त नर्सिंग स्टॉप की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहे हैं। उनमें प्राप्त संख्या में डॉक्टर नहीं हैं। दवाईया नहीं हैं इसलिए श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पहले वे जो स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं मेडीकल कॉलेज व स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहे हैं उनमें समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें जिससे आम नागरिकों अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें, उसके उपरांत नवीन मडीकल कॉलेज खोलने की व्यवस्था की जाए। 55 जिले व 29 लोकसभा क्षेत्रों में 5 हजार से अधिक चिकित्सकों की आवाश्यक्ता होगी। 1 वर्ष में न केवल 1600 एमबीबीएस डॉक्टरों के सरकारी कॉलेजों में प्रवेश की सीटें है। इस अनुमान से 5 वर्षों में मध्यप्रदेश की आवश्यकता के अनुसार डॉक्टरों को एमबीबीएस की शिक्षा भी नहीं प्रदान कर पायेंगे।

## डेपुटेशन पर गये कर्मचारियों को मूल विभाग में भेजा जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेष के 56 विभागों में देखा जा रहा है कि उनके कर्मचारी और अधिकारी डेपुटेषन या यू कहें कि प्रतिनियुक्ति पर अपने विभाग को छोड़ कर अन्य विभागों में या फिर अपने कार्यालय, संस्था को छोड़ कर अन्य कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर गए हुए है जो वापस आने का नाम ही नहीं लेते। वजह यह है कि उनकी अन्य कार्यालयों के अधिकारियों से सांठगांठ के चलते वे अपने विभाग या कार्यालय एवं संस्था में वापस जाना नहीं चाहते। यही वजह है कि प्रतिनियुक्ति का समय समाप्त होने के बावजूद भी वे वहीं ठटे रहते हैं जिससे उनके मूल विभाग, कार्यालय या संस्था का कार्य प्रभावित होता है। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, राकेश श्रीवास, दिनेश गौड़, हेमंत ठाकरे, गुडविन चार्ल्स आदि ने विभाग प्रमुखों से मांग की है कि उनके अधीनस्थ ऐसे कर्मचारी जो प्रतिनियुक्ति पर अन्य विभागो, कार्यालयों में तीन वर्ष से ज्यादा हो जाने के बावजूद जमें हुए है उन्हे नियम के तहत अतिषीघ्र उनके मूल कार्यस्थलों पर भेजा जाए।

## तबलीगी इज्तेमा कमेटी ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया



**जबलपुर।** अहले सुन्नत वल जमात निजामुद्दीन मरकज दिल्ली (तबलीगी जमात) का मध्यक्षेत्र और छत्तीसगढ़ राज्य के 32 जिलों का 2 दिवसीय सालाना इज्तेमा (वार्षिक सम्मेलन) का इको सिटी खिजरी बाईपास में शांति पूर्वक आयोजित किए जाने में प्रशासनिक सहयोग हेतु इंतजामिया कमेटी इस्लाहुल ए मुस्लेमीन ने पुलिस अधीक्षक महोदय जबलपुर एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर का सम्मान पत्र प्रदान कर आभार व्यक्त किया। समिति के सचिव मुश्ताक रॉयल प्रवक्ता कमरूल हक ने बताया कि विगत 3,4 एवं 5 दिसंबर को जबलपुर में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ जॉन का सालाना इस्जेमा आयोजित किया जाना था परंतु मतगणना कार्य की वजह से प्रशानिक कसावट को देखते हुए प्रशासन के अनुरोध पर इज्तीमा को संशोधित तिथि 5 एवं 6 दिसंबर को आयोजित किया गया जिसमे शहर के प्रशानिक प्रमुख जिला कलेक्टर महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय का विशेष सहयोग एवं व्यवस्था रही जिसके कारण लगभग 50000 लोगो के आगमन के बाद भी कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो गया था

## जनेकृविवि में वार्षिक बैठक 11 और 12 जनवरी को




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में अखिल भारतीय नेटवर्क अनुसंधान परियोजना प्याज एवं लहसुन की दो दिवसीय वार्षिक समूह बैठक का आयोजन मुख्यअतिथि डॉ. मेजर सिंह सदस्य, एएसआरबी नई दिल्ली एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 11 और 12 जनवरी को आयोजित की जा रही है। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुधाकर पांडे, एडीजी, हार्टीकल्वर और प्याज एवं लहसुन निदेशालय पुणे के डायरेक्टर डॉ. विजय महाजन उपस्थित होंगे। इस दो दिवसीय वार्षिक बैठक के आयोजनकर्ता अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे एवं परियोजना संचालक डॉ. अखिलेश पांडे ने जानकारी देते हुये बताया कि वार्षिक बैठक में प्याज एवं लहसुन की विभिन्न किस्मों, उत्पादन एवं कीट रोग निराकरण, नई-नई तकनीनियों को विकसित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जायेगा।

## अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश अतिथि शिक्षक संघ के तत्वावधान में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कार्यालय में व जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो 02 सितम्बर की महापंचायत में घोषणा की थी कि अतिथि शिक्षकों की विभागीय परीक्षा आयोजित की जाएगी, उसका शीघ्र आदेश जारी किया जाए व अतिथि शिक्षकों का तीन माह का वेतन शीघ्र जारी कर भुगतान किया जाए, साथ ही पोर्टल शीघ्र खोलकर अतिथि शिक्षकों के नाम दर्ज किए जाएं जिससे उनका मानदेय भुगतान हो सके। ज्ञापन देते समय संघ के जिलाध्यक्ष हेमंत तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप तिवारी, संतोष श्रीपाल, राकेश पटेल, जेपी अवस्थी, मनोज दुबे, एसपी मिश्रा उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर संघ ने धूमधाम से मनाया नववर्ष मिलन समारोह



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर संघ द्वारा प्रांतीय बैठक, आमसभा, नववर्ष मिलन समारोह एवं 75 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त अभियंताओं का सम्मान आर्य समाज भवन, बराट रोड, जबलपुर में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम विधायक उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र डॉ. अभिलाष पाण्डे जी के मुख्य आतिथ्य एवं इंजीनियर सुरेन्द्र करजगांवकर, प्रांताध्यक्ष भोपाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

# स्वच्छता की शपथ दिलाई गई

**जबलपुर।**




स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम द्वारा जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता की ब्रांड एंबेसडर सुश्री मधु यादव जी एवं साइंस कॉलेज के कीड़ा प्रांगन मै प्रभारी धनराज पल्ले जी , नवनीत ज़ी द्वारा महात्मा गाँधी ज़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया एवं स्वर्गीय डी मनी जी की स्मृति मै रनाफ क्लब द्वारा एक मैराथन दौड का आयोजन किया गया इसी के साथ ओम साईं विजन की आई ई सी की टीम के द्वारा फ्लोग रन,स्वछ्ता रैली गतिविधी कराई गई और सभी को स्वछ्ता की शपथ दिलाई गई।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो में शिवानी बेन ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया



**जबलपुर।** विगत दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के कानपुर स्थित सिविल लाइन में आयोजित 27वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धा में मध्यप्रदेश राज्य के जबलपुर जिले से शिवानी बेन ने नेतृत्व करते हुए अपने आयु वजन वर्ग में क्योरगी इवेंट में भाग लेकर स्वर्ण पदक अर्जित करने में सफलता हासिल की। जानकारी देते हुए शिवानी बेन ने बताया कि मैंने अपने वजन व आयु वर्ग में भाग लेकर स्वर्ण पदक अर्जित किया, साथ ही रैफरशिप की भी भूमिका निभाई। आयोजक समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर मुझे सम्मानित किया गया। शिवानी बेन वर्तमान में मार्शल आर्ट ताइक्वांडो कोच राजकुमार यादव के मार्गदर्शन में मदन महल प्रेमनगर स्थित कालीबाड़ी परिसर कृपाल चौक में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

## उपभोक्ता संतुष्टि और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मुख्य लक्ष्य : ऊर्जा मंत्री

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पूजा-अर्चना कर किया पदभार ग्रहण

**जबलपुर।**



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को विधिवत पूजा-अर्चना कर भोपाल में मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संतुष्टि, गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति और बिजली उत्पादन में वृद्धि करना हमारा मुख्य लक्ष्य है। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रशासनिक खर्चे कम करके बिजली दरों को नियंत्रित करने के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस के लिये की जाने वाली बिजली कटौती में पानी की सप्लाई के समय का ध्यान रखा जायेगा। मंत्री श्री तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि बिजली की बचत करें और समय पर बिजली बिल का भुगतान करें। इससे विद्युत कंपनियों की देनदारी कम होगी, जिससे बिजली की दरें बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस दौरान प्रमुख सचिव संजय दुबे, ओएसडी ऊर्जा विभाग विजय गौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भावनाए का नववर्ष कैलेंडर, टेलीफोन डायरेक्ट्री विमोचित

**जबलपुर।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन (भावनाए) की वार्षिक सभा, नववर्ष कैलेंडर एवं टेलीफोन डायरेक्ट्री का विमोचन 08 जनवरी को हरिशंकर परसाई भवन में दोपहर 02 बजे सीजीएचएस के अपर निदेशक डॉ. एके सुधांशु के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष टीके रायघटक, महामंत्री डीके सिंह, हरजीवन विश्वकर्मा, एचएल जांगड़े, दिनेश चौरे, आरबी शाह, आरआर दुबे, विनायक राव सोरते, एसके श्रीवास्तव, नंदलाल कोष्टा, एसके झा, अब्दुल रहमान, अर्जुन कुमार, दिलीप कुमार कुण्डे, एके स्थापक, लखनलाल प्रजापति, एनपी सिंह, प्रीतम यादव, एस बोस, नरेश कुमार नेमा, कामता प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र. कं./1061 / अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मुन्नी उर्फ कमला बाई जाट पति स्व. दूधनाथ जाट नि.-1151 हुई मोहल्ला (कंजड) पूर्वी बेलबाग ने नजूल ब्लाक नं. 110 प्लॉट न. 52 निर्मित/ रकवा 1860 व.फु. / अवि. हिस्सा.......बेलबाग टोरिया प.ह. खसरा नं....रकवा 1860 व.फु./हे.विक्रय पत्र/हे.त्याग/ वसीयतनामा / दानपत्र / वारसान हक/दिनांक ......मृत्यु दिनांक 29/12/2001 को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र,...खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा नजूल ब्लाक नं. 110 प्लाट नं. 52 निर्मित रकवा / रकवा 1860 व.फु. / अवि. हिस्सा......./ ग्राम बेलबाग, टोरिया प.ह. खसरा नं...... रकवा 1860 व. फु./हे........मूल चंद परमू द्रोपदी के नाम दर्ज है।
अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/01/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी इश्तहार आज दिनांक 27/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया है।
जारी दिनांक 27/12/2023
पेशी दिनांक 18/01/2024
सील
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर